# समाहरणालय, मधेपुरा
(जिला राजस्व शाखा)

पत्रांक-....192.....2......../रा0

प्रेषक,

समाहर्त्ता,
मधेपुरा।

सेवा में,

अध्यक्ष,
बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद,
पटना।

मधेपुरा, दिनांक-07/03/2022

विषय :- **बिहार विधान सभा की प्रक्रिया एवं कार्यसंचालन का नियम 104 (2) के अन्तर्गत श्री संजय सरावगी एवं अन्य माननीय सदस्य, स0वि0स0 से प्राप्त ध्यानाकर्षण के संबंध में।**

प्रसंग :- आपका पत्रांक-54, दिनांक-05.03.2022

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासांगिक पत्र के आलोक में बिहार विधान सभा की प्रक्रिया एवं कार्यसंचालन का नियम 104 (2) के अन्तर्गत श्री संजय सरावगी एवं अन्य माननीय सदस्य, स0वि0स0 से प्राप्त ध्यानाकर्षण का उत्तर सामग्री निम्नवत है:-

| क्र. | ध्यानाकर्षण प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 1 | जिलान्तर्गत मठ/ मंदिर की कुल संख्या (निबंधित /अनिबंधित) और कितनी भूमि अवैध कब्जे में है। | जिलान्तर्गत सर्वेक्षणोंपरान्त निबंधित-23 एवं अनिबंधित-39 कुल-62 मठ/मंदिर की सूची प्राप्त हुई है। मठ/मंदिर की कुल सन्निहित रकवा-975 एकड़ 61 डीसमल है, जिसमें से कुल-38 एकड़ 42 डीसमल भूमि विवादित/अवैध कब्जा वाली है। अवैध कब्जा वाली भूमि पर अतिक्रमण वाद की कार्रवाई हेतु निदेशित किया गया है। सभी अंचल अधिकारी, मधेपुरा जिला से पत्रांक- 1307-2/रा0, दिनांक-16.10.2021 एवं पत्रांक-84-2/रा0, दिनांक-24.01.2022 से विभागीय प्रपत्र में प्रतिवेदन की मांग की गई है। सर्वेक्षण कार्य प्रगति पर है। |

सूचनार्थ।

अनुलग्नक-यथोक्त।

विश्वासभाजन
(हस्ताक्षर) 7.3.22
समाहर्त्ता,
मधेपुरा।

Md.Salam /2022 /Revenue Section /Desktop/ Letter

Scanned with CamScanner

# समाहरणालय, मधेपुरा।
## (जिला राजस्व शाखा)

पत्रांक–41–01/2021–22– /रा0.

प्रेषक,

अपर समाहर्त्ता,
मधेपुरा।

सेवा में,

सभी अंचल अधिकारी,
मधेपुरा जिला।

मधेपुरा, दिनांक– जनवरी, 2022

विषय :– बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद् से जुड़े राज्य के अन्दर मठ, मंदिर, धर्मशाला(चित्र सहित) आदि की परिसम्पत्ति के संबंध में।

प्रसंगः– इस कार्यालय के पत्रांक–1307–2 दिनांक–16/10/2021

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र का कृपया स्मरण किया जाय। उक्त पत्र के द्वारा विहित पत्र में बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद् से जुड़े राज्य के अन्दर मठ, मंदिर, धर्मशाला(चित्र सहित) आदि की परिसम्पत्ति के प्रतिवेदन एक सप्ताह में अंदर अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया था, जो अबतक अप्राप्त है। विदित हो कि दिनांक–27/12/2021 को उक्त विहित प्रपत्र में प्रतिवेदन आयुक्त महोदय को भेजा जाना है।

अतएव संलग्न विहित प्रपत्र में प्रतिवेदन आज ही विशेष दूत/ई–मेल के माध्यम से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेगें।

अनुलग्नक–यथोक्त।

विश्वासभाजन
ह0/–
अपर समाहर्त्ता,
मधेपुरा।

ज्ञापांक–41–01/2021–22–84–2 /रा0, मधेपुरा दिनांक 24 जनवरी, 2022

प्रतिलिपिः–अनुमंडल पदाधिकारी, मधेपुरा एवं उदाकिशुनगंज/भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, मधेपुरा एवं उदाकिशुनगंज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

24/1/22

अपर समाहर्त्ता,
मधेपुरा।

Scanned with CamScanner

समाहरणालय, मधेपुरा।
(जिला राजस्व शाखा)
पत्रांक–41–01/2021–1307-2/रा0,

प्रेषक,

अपर समाहर्त्ता
मधेपुरा।

सेवा में,

सभी अंचल अधिकारी,
मधेपुरा जिला।

मधेपुरा, दिनांक– / /2021

विषय :– बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद से जुड़े राज्य के अन्दर मठ, मंदिर, धर्मशाला(चित्र सहित) आदि की परिसम्पत्ति के संबंध में।

प्रसंगः– इस कार्यालय का पत्रांक–1018 दिनांक–16/08/2021

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र का कृपया स्मरण किया जाय। उक्त पत्र के द्वारा दिनांक–01/04/2021 को माननीय मंत्री, गन्ना उधोग एवं विधि विभाग बिहार,पटना के अध्यक्षता में आयोजित बैठक की कार्यवाही राज्य के प्रत्येक मठ–मंदिर, धर्मशाला(चित्र सहित) आदि की परिसम्पति को विस्तार से खाता, खेसरा, रकवा, चौहद्दी का विवरण की मांग की गई थी।

विदित हो दिनांक–03.09.2021 को माननीय मंत्री के उक्त बैठक हेतु विभागीय विहित प्रपत्र में प्रतिवेदन प्राप्त नहीं है।

उल्लेखनीय है कि अवर संचिव, विधि विभाग, बिहार, पटना के द्वारा ज्ञापांक–2906 दिनांक–22.06.2021 एवं पत्रांक–4415 दिनांक–13.08.2021 से दिनांक–21.06.2021 एवं दिनांक–10.08.2021 को आयोजित बैठक की कार्यवाही भेजते हुए आवश्यक कार्रवाई कर विहित प्रपत्र में प्रतिवेदन की मांग की गई है।

अतः दिनांक–01.04.2021, दिनांक–21.06.2021 एवं दिनांक–10.08.2021 को माननीय मंत्री, गन्ना उधोग एवं विधि विभाग बिहार,पटना के अध्यक्षता में आयोजित बैठक के कार्यवाही की प्रति भेजते हुए निदेश है कि बैठक में उल्लेखित तथ्यों का अनुपालन कर संलग्न विहित प्रपत्र में बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद से जुड़े राज्य के अन्दर मठ, मंदिर, धर्मशाला(चित्र सहित) आदि की परिसम्पत्ति प्रतिवेदन एक सप्ताह के अंदर अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराया जाय।

अनुलग्नक–यथोक्त।

विश्वासभाजन
ह0/–
अपर समाहर्त्ता,
मधेपुरा।

ज्ञापांक–41–01/2021–1307-2/रा0, मधेपुरा दिनांक– 16/X/2021
प्रतिलिपि :–भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, मधेपुरा एवं उदाकिशुनगंज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

16/X/21
अपर समाहर्त्ता,
मधेपुरा।

Scanned with CamScanner